# बिहार स्टेट पॉवर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210
email:esetcbhagalpur@gmail.com

## निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पॉवर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, संचरण अंचल भागलपुर (सबौर) के आवासीय परिसर (कॉलोनी) में कुल 86 **(छियासी)** आम वृक्षों के फलों की निलामी वर्ष 2022 के लिये अन्य सभी सेवा शर्तो के आधार पर दिनांक –05.03.2022 के अपराह्न 03:30 बजे खुला डाक किया जाएगा।

उक्त फलों की निलामी के पूर्व अन्य सभी शर्तें सबंधी विहित प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

- निविदा पत्र का मूल्य रू0 500/–के साथ GST 18% अतिरिक्त देय लागू रहेगा।
- विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 05.03.2022 को (अपराहन 02:30 बजे तक)।
- निविदा जमा करने की तिथि– 05.03.2022 को (अपराहन 03:00 बजे तक)।
- खुला डाक हेतु निविदा की तिथि– 05.03.2022 को अपराहन 03:30 बजे तक निर्धारित है।

आशीष कुमार 17.02.22
(आशीष कुमार)
विद्युत अधीक्षण अभियंता

# बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210
email:esetebhagalpur@gmail.com

## निविदा प्रक्रिया की शर्ते

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड संचरण अंचल भागलपुर प्रांगण के सबौर स्थित आवासीय कॉलोनी के बगीचा एवं आवासीय परिक्षेत्र में, आम के 86 (छियासी) वृक्ष के फलो को निविदा वर्ष 2022 के लिए दिनांकः– 05.03.2022 को अपराहन 02:30 बजे तक खुला डाक हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।निविदा की अन्य शर्ते निम्नलिखित हैः–

1 निलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमंडल सबौर से सम्पर्क कर निलामी योग्य वृक्षों का अवलोकन किया जा सकता है।

2 निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 500 = 00 (पाँच सौ) मात्र के साथ GST 18% अतिरिक्त देय लागू रहेगा, जो लौटाया नही जायगा। निविदा प्रपत्र नगद भुगतान कर रोकड़पाल, संचरण अंचल, भागलपुर के कार्य अवधि में दौरान प्राप्त किया जा सकता है।

3 निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तारीख दिनांकः–05.03.2022 को (अपराह्न 02:30 बजे तक)।

4 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख दिनांक–05.03.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक ।

5 निविदा प्रपत्र के साथ अग्रधन की राशि रू0 5000=00 (पॉच हजार) मात्र जो बैंक ड्राफ्ट या नगद भुगतान या ऑन लाइन ट्रॉसफर A/C no. 37113129082, SBIN0000037, A/C Name-Account Officer, Transmission circle, Bhagalpur के रूप में लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल भागलपुर के नाम से भुगतेय होगा। निलामी प्रक्रिया पुर्ण होने के पश्चात सफल अभिकर्ता को छोड़कर बाकी अभिकर्ताओ का जमा राशि लौटा दिया जायेगा। सफल अभिकर्ता के अग्रधन की राशि का समायोजन उनके सुरक्षा जमा राशि मे किया जा सकता है।

6 खुला डाक हेतु निविदा की तिथि– 05.03.2022 को (अपराह्न 03:30 बजे ) निर्धारित है।

7 सफल निविदा दाता को निविदा की राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर उनकी हक समाप्त करते हुए अग्रधन की राशि जप्त कर ली जायेगी।

8 निविदा में वर्णित वित्तीय शर्तो को सफल अभिकर्त्ता द्वारा पूरा नही किए जाने की स्थिति मे द्वितीय एव तृतीय क्रमानुसार अभिकर्त्ता को आमंत्रित करते हुए उनका अग्रधन राशि को निविदा के निर्णय तक रोक रखा जायेगा।

9 निविदा प्रपत्र बैंक ड्राफ्ट के साथ बंद लिफाफे में सील कर दिनांकः–05.03.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक संचरण अंचल भागलपुर (सबौर) के कार्यालय में डाक/कोरियर/स्वतः भेजा जा सकता है, दिनांक –05.03.2022 को अपराह्न 03:00 बजे के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहो किया जायेगा।

( P.T.O)

10 सफल अभिकर्त्ता को रू0 10,000 = 00 (दस हजार) मात्र रोकडपाल संचरण अंचल भागलपुर के पास जमा करना होगा, जो आम फलों को समाप्ति तिथि एवं किसी भी कर्मचारी अथवा पदाधिकारी से अभद्र व्यवहार नही करने तथा किसी भी प्रकार की क्षति नही करने पर वापस किया जा सकेगा निविदा प्राप्त कर्त्ता को फलों का सग्रहण अधिकार मात्र दिनाक– 31.08.2022 तक ही मान्य समझा जायेगा साथ ही फल तोडाई से एक दिन पूर्व सहायक कार्यपालक अभियंता, सबौर/विद्युत कार्यपालक अभियंता (तकनिकी) को सूचित करना होगा।

11 कॉलोनी परिसर में सफल अभिकर्त्ता द्वारा कम्पनी की सम्पत्ती की क्षति होने पर उसकी जिम्मेवारी अभिकर्त्ता पर ही होगी, किसी भी अपराधिक तत्वों का कॉलोनी परिसर में प्रवेश निषेध होगा।

12 निविदा संबधि अन्य नियम शर्तों की सारी जानकारी किसी भी कार्य दिवस को संचरण अंचल भागलपुर कार्यालय से ली जा सकती है।

13 संवेदक एवं उनके सभी कर्मचारी सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल सबौर से पंजीकृत पहचान पत्र के साथ ही परिसर में प्रवेश पा सकेंगे।

14 संवेदक को 24 घंटे न्युनतम 2 सुरक्षा प्रहरी संविदा शुरू से लेकर समाप्त होने तक परिसर में पदस्थापित करना अनिवार्य होगा।

15 सफल अभिकर्ता को 10 प्रतिशत राशि 03 (तीन) दिनों के अंदर एव शेष राशि 07 (सात) दिनों के अंदर जमा करना होगा।

16 निलामी की न्यूनतम राशि रू0 2,00000/– (दो लाख) मात्र निर्धारित है।

17 सभी आगंतुक को कार्यालय परिसर मे कोरोना रोक–थाम नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

18 विवादास्पद स्थिति में अद्योहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।

ह0/–
(आशीष कुमार)
विद्युत अधीक्षण अभियंता
दिनाक– 17/02/22

ज्ञापांक:– 180 / भागलपुर,

प्रतिलिपि– उप महा प्रबंधक (मानव संशाधन)/ उपमहाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी), बिहार स्टेट पावर ट्रांशमिशन कम्पनी लिमिटेड पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित। अनुरोध है कि उपरोक्त शर्तो को बि0 स्टेट पावर ट्रांशमिशन क0 लि0 पटना के वेब साइट पर डालवाने का कृपा किया जाय।

आशीष कुमार 17.02.22
(आशीष कुमार)
विद्युत अधीक्षण अभियंता